

विश्व जल दिवस के अवसर पर 'राष्ट्रीय सेमिनार ' का आयोजन

आज सी. एम. पी. डिग्री कॉलेज के रसायनशास्त्र विभाग के द्वारा विश्व जल दिवस के अवसर पर 'राष्ट्रीय सेमिनार ' का आयोजन किया गया। सेमिनार का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ बृजेश कुमार, मुख्य वक्ता डॉ अर्चना पांडेय, डॉ बबीता अग्रवाल और डॉ संतोष श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

मुख्य वक्ता डॉ अर्चना पांडेय ने कहा कि जल पर भावनाओं का प्रभाव पड़ता है। एक प्रयोग द्वारा यह सिद्ध हुआ है की रोना, हंसना, गुस्सा होना इत्यादि का प्रभाव जल पर पड़ता है, पानी में भी जिंदगी है यह प्रयोगों द्वारा प्रमाणित है।डा बबिता अग्रवाल ने बताया कि भूगर्भ जल का जितना दोहन हो रहा है उतना हम रिचार्ज नही कर पा रहें हैं, आज आवश्यकता यह है कि हम वर्षाजल का संचयन करने के साथ ही जल का प्रयोग करने में संयमित रहें। पुराने बोरवेल को

हम जल संचयन के रूप में प्रयोग कर सकते हैं। डॉ संतोष श्रीवास्तव ने अदृश्य जल को दृश्यमान करने की संभावनाओं पर विश्लेषण प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर गंगा सेवा मंच की तरफ से पर्यावरण और जल संरक्षण के क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता विजय द्विवेदी, प्रयागराज फाउंडेशन के अध्यक्ष शशांक शेखर पांडेय, जल योद्धा आर्य शेखर, डा अर्चना पांडेय,डां सुनंदा दास,डां अनिल कुमार शुक्ला, डां सर्वेश सिंह, डा बबिता अग्रवाल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जल संरक्षण हेतु शपथ भी लिया गया। इसी कार्यक्रम की कड़ी में छात्र - छात्राओं के लिए निबंध, पोस्टर प्रेजेंटेशन एवं पेपर प्रसेंटेंशन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और उन्हें प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डॉ ब्रजेश कुमार प्राचार्य सीएमपी डिग्री कॉलेज ने जल संरक्षण पर बल देते हुए सभी से आवाहन किया कि वह इस दिशा में सार्थक पहल व प्रयास करें।कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ बबिता अग्रवाल, धन्यवाद ज्ञापन डॉ दीपांजलि पांडेय एवं संचालन डॉ प्रमोद शर्मा ने किया।

इस अवसर पर डॉ मृदुला त्रिपाठी, डॉ दीपा श्रीवास्तव,डॉ प्रवीण सिंह, डॉ विशाल श्रीवास्तव, डॉ प्रवीण त्रिपाठी, डॉ मोनिका सिंह, डॉ अशोक रंजन,डॉ रंजीत कुमार, डॉ अकरम अली, डॉ हिमानी चौरसिया, शशांक श्रीवास्तव, रीता सहित बडी़ संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

सेमिनार का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ बृजेश कुमार, मुख्य वक्ता डॉ अर्चना पांडेय, डॉ बबीता अग्रवाल और डॉ संतोष श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया

विश्व जल दिवस के अवसर पर 'राष्ट्रीय सेमिनार ' का आयोजन on 22 March, 2022